भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3796**
उत्तर देने की तारीख: 12/08/2025

**दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना**

3796. श्रीमती पूनमबेन माडम:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना और जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र योजना के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने और प्रसंस्करण करने के लिए एक नया ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो नए पोर्टल की शुरुआत के पीछे क्या उद्देश्य हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या चालू और पिछले प्रस्तावों से संबंधित सभी डेटा को नए पोर्टल पर सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क) से (घ) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना और जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र योजना के अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने और संसाधित करने के लिए एक समर्पित ई-अनुदान पोर्टल विकसित और स्थापित किया है। नया पोर्टल https://grants.depwd.gov.in पर उपलब्ध है।

इस नए पोर्टल को शुरू करने के उद्देश्यों में, अन्य बातों के साथ-साथ, सहायता-अनुदान के प्रस्तावों की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना शामिल है।

निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, नए पोर्टल पर डेटा का पूर्ण स्थानांतरण पहले ही किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डरों) को नए आवेदन जमा करने और पहले से प्रस्तुत प्रस्तावों तक पहुँचने के लिए केवल नए पोर्टल का उपयोग करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

*****